(ख) क्या यह सच है कि गुजरात को, उसकी प्रतिमास 3500 वैगनों की मांग की जगह केवल 2500 वैगन कोयला आवंटित किया गया ; और

(ग) क्या यह सच है कि गुजरात सरकार के उद्योग मंत्री ने कोयले की कमी दूर करने के लिए एक टेलेक्स संदेश भेजा था और यदि हां, तो कब और उसका ब्यौरा क्या है तथा गुजरात में उद्योगों के लिए कोयले की कमी दूर करने के लिए सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ।

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) :

(क) और (ख) गुजरात के लिए अप्रैल 1978 से माहवार सम्पूर्ण कार्यक्रम तथा चार महीने वाले आवंटित वैगन नीचे दिए गए हैं :—

| महीना | कार्यक्रम | आवंटन |
|---|---|---|
| अप्रैल | 27688 वैगन | 19526 वैगन |
| मई | 26804 ,, | 15501 ,, |
| जून | 26461 ,, | 15486 ,, |
| जुलाई | 24166 ,, | 16244 ,, |

अतः, यह तथ्य नहीं है कि गुजरात को उसकी 3500 वैगनों की प्रतिमास मांग की जगह कोयले के केवल 2500 वैगन ही आवंटित किए गए थे ।

(ग) गुजरात सरकार से समय-समय पर राज्य में कोयले की कथित कमी के बारे में जानकारी मिली है । गुजरात को कोयला भेजने के लिए सेन्ट्रल इंडिया कोलफील्ड्स अधिक मात्रा में वैगनों की सप्लाई हेतु गुजरात सरकार तथा रेलवे के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है । हाल ही में वैगनों की सप्लाई में सुधार हुआ है ।

दूरदर्शन केन्द्र के बिना राज्य

5098. श्री धर्मसिंह भाई पटेल :

श्री एस० आर० ए० एस० अप्पालानायडू :

श्री सी० के० जाफर शरीफ :

श्री पी० ए० संगमा :

श्री ए० आर० बदरीनारायण :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां इस समय कोई दूरदर्शन केन्द्र नहीं है ;

(ख) उन राज्यों के क्या नाम हैं जहां छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान दूरदर्शन केन्द्र खोले जायेंगे ;

(ग) गुजरात में दूरदर्शन केन्द्र किस स्थान पर खोला जायेगा, किस वर्ष खोला जायेगा, तथा इसकी क्षमता क्या होगी ;

(घ) एक नया दूरदर्शन केन्द्र खोलने पर अनुमानतः कितनी राशि खर्च होती है ;

(ङ) उन राज्यों के क्या नाम हैं जहां एक से अधिक दूरदर्शन है ; और

(च) एक ही राज्य में एक से अधिक दूरदर्शन केन्द्र खोलने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) :

(क) असम

हरियाणा

हिमाचल प्रदेश

मणिपुर

मेघालय

केरल

नागालैंड

सिक्किम

त्रिपुरा

दिल्ली के सिवाए सभी संघ शासित क्षेत्र

(ख) छठी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव विचाराधीन है :

**पूर्णक्षेत्र दूरदर्शन केन्द्र**

1 गुजरात (अहमदाबाद)

2 कर्नाटक (बंगलौर)

3 केरल (त्रिवेन्द्रम)

**दूरदर्शन रिले केन्द्र**

1 आन्ध्र प्रदेश (विजयवाड़ा)

2. गोवा, दमन और दीव (पणजी)

3. जम्मू व कश्मीर (जम्मू)

4. उड़ीसा (कटक)

5. राजस्थान (अजमेर)

6. तमिलनाडु (मदुरै)

7. उत्तर प्रदेश (वाराणसी)

8. पश्चिम बंगाल (मुर्शिदाबाद)

**टिप्पणी** : (1) कसौली (हिमाचल प्रदेश) और आसनसोल (पश्चिम बंगाल) के रिले केन्द्र पहले की पंचवर्षीय योजना की स्वीकृत स्कीमें हैं। इनको भी कार्यान्वयन के लिए हाथ में लिया जा रहा है।

(2) लखनऊ दूरदर्शन केन्द्र के एक रिले केन्द्र के कानपुर में स्थापना का काम चल रहा है। इसके 1978 में चालू होने की उम्मीद है।

(ग) गुजरात राज्य में पिजवित दूरदर्शन प्रेषण केन्द्र पहले से ही काम कर रहा है। छठी पंचवर्षीय योजना (1978-83) के अन्तर्गत प्रस्तावित पूर्णरूपेण दूरदर्शन केन्द्र 10 किलोवाट के ट्रांसमीटर के साथ अहमदाबाद में स्थापित किया जायेगा।

(घ) लगभग 4 करोड़ रुपए।

(ङ) और (च) . किसी भी राज्य में एक से अधिक दूरदर्शन केन्द्र नहीं है। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में एक एक रिले ट्रांसमीटर हैं जो क्रमश: पुणे और मसूरी में हैं जो बम्बई और दिल्ली के दूरदर्शन केन्द्रों का सेवा क्षेत्र बढ़ाने के लिए हैं।

## भागलपुर होकर नया राष्ट्रीय मार्ग

5099. डा० रामजी सिंह : क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार के प्रमंडलीय मुख्यालय भागलपुर होकर कोई नया राष्ट्रीय मार्ग बनाने की आवश्यकता महसूस करती है ;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में क्या प्रगति हुई है ;

(ग) क्या चम्पानगर-नाथनगर से भागलपुर आने की सड़क तंग होने के कारण मोटरगाड़ियों के चलने में काफी व्यवधान पड़ता है ; और

(घ) क्या सरकार उपरोक्त कठिनाई पर काबू पाने के लिए कोई बाई-पास बनाने की योजना पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक और उसका ब्यौरा क्या है ?

**नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम)** : (क) और (ख) : भारत सरकार के पास ऐसी कोई मांग नहीं है। भागलपुर राज्य सड़क पर पड़ता है और इसलिए इसके विकास का